आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :444 पृष्ठ -4 दिनांक 04 अप्रेल 2025 दिन शुक्रवार

## UP के सभी 75 जिलों में कहां है सबसे ज्यादा वक्फ की संपत्ति?




संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में बुधवार, 2 अप्रैल को लोकसभा में देर रात वक्फ संशोधन विधेयक पारित हो गया. गुरुवार को इस बिल पर राज्यसभा में चर्चा के बाद मतदान होगा. इस बीच देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में वक्फ की संपत्तियों की जानकारी सामने आई है. इसमें शिया और सुन्नी दोनो समुदायों के पास जो वक्फ की जमीनें हैं उसका अनंतिम डाटा है.अनंतिम आंकड़ों के अनुसार यूपी में कुल 1,24,720 संपत्तियां हैं. इसमे 1,19,451 सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास और 5,269 शिया वक्फ बोर्ड के पास हैं. अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज राज्य मंत्री दानिश आजाद ने इन अनंतिम आंकड़ों की जानकारी दी है. अयोध्या मंडल में अयोध्या में कुल संपत्ति की संख्या 1501 है जिसमें 1315 सुन्नी औहैर 186 शिया वक्फ है. अंबेडकरनगर में 1575 वक्फों में 1333 सुन्नी और 242 शिया वक्फ है. बाराबंकी में 4927 वक्फ संपत्तियां हैं जिसमें 4679 सुन्नी और 248 शिया वक्फ हैं. सुल्तानपुर जनपद में कुल 1831 संपत्तियां हैं जिसमें 1791 सुन्नी और शिया वक्फ 40 हैं.देवीपाटन मंडल में गोंडा में कुल वक्फ संपत्ति 2201 है जिसमें 2196 सुन्नी और 5 शिया वक्फ है. बलरामपुर में 4248 वक्फ संपत्तियां हैं जिसमें 4228 सुन्नी और 20 शिया वक्फ हैं. बहराइच में 1778 वक्फ संपत्तियों में से 1755 सुन्नी और 23 शिया वक्फ है. श्रावस्ती में 458 संपत्तियां हैं जिसमें सभी सुन्नी वक्फ हैं.बस्ती मंडल में बस्ती में 901 संपत्तियां हैं जिसमें 898 सुन्नी और 3 शिया वक्फ हैं. संतकबीरनगर में 955 वक्फ संपत्ति हैं जिसमें सभी सुन्नी वक्फ हैं. इसके अलावा सिद्धार्थनगर में 1998 संपत्तियों में 1921 सुन्नी और 77 शिया वक्फ हैं.गोरखपुर मंडल में गोरखपुर में 973 वक्फ संपत्तियां हैं जिसमें 971 सुन्नी और 2 शिया वक्फ हैं. देवरिया में 1854 संपत्तियों में सभी सुन्नी वक्फ की हैं. अनंतिम आकंड़ों के अनुसार कुशीनगर में 660 वक्फ संपत्तियों में से सभी सुन्नी वक्फ हैं. महराजगंज में भी सभी 585 संपत्तियां सुन्नी वक्फ हैं.आजमगढ़ मंडल में आजमगढ़ में 2662 वक्फ संपत्तियां हैं जिसमें 2586 सुन्नी और 76 शिया वक्फ हैं. वहीं बलिया में 1098 वक्फ संपत्तियों में से 1097 सुन्नी और 1 शिया वक्फ है. साथ ही मऊ जिले में 1192 संपत्तियों में से 1144 सुन्नी और 48 शिया वक्फ हैं.वाराणसी मंडल में वाारणसी में 1467 संपत्तियों में 1346 सुन्नी और 121 शिया वक्फ हैं. चंदौली में 689 संपत्तियों में से 655 सुन्नी और 34 शिया वक्फ है.जौनपुर में 4135 संपत्तियों में से 3316 सुन्नी और 819 शिया वक्फ हैं. गाजीपुर में 1664 संपत्तियों में से 1569 संपत्तियां सुन्नी और 95 शिया वक्फ हैं.मीरजापुर मंडल में मीरजापुर में 718 संपत्तियों में से 705 सुन्नी और 13 शिया वक्फ हैं. भदोही में 432 संपत्तियां हैं जिसमें सभी सुन्नी वक्फ की हैं. सोनभद्र में 165 संपत्तियों में से सभी सुन्नी वक्फ की हैं. प्रयागराज मंडल में प्रयागराज में 2278 संपत्तियां हैं जिसमें 2131 सुन्नी, 147 शिया वक्फ हैं. कौशांबी की कुल 627 संपत्तियों में से 613 सुन्नी और 14 शिया वक्फ है. प्रतापगढ़में 1538 संपत्तियों में से 1507 सुन्नी और 31 शिया वक्फ है. फतेहपुर में 2062 वक्फ संपत्तियों में 2036 सुन्नी और 26 शिया वक्फ हैं.चित्रकूट मंडल में चित्रकूट में सभी 154 संपत्तियां सुन्नी वक्फ हैं. बांदा में भी सभी 1139 संपत्तियां सुन्नी वक्फ हैं. इसके अलावा महोबा में में 237 संपत्तियों में से 234 सुन्नी और 3 शिया वक्फ हैं. वहीं हमीरपुर में 654 संपत्तियों में से 653 सुन्नी और 1 शिया वक्फ है.झांसी मंडल में झांसी में 610 वक्फ संपत्तियों में से 605 सुन्नी और 5 शिया वक्फ हैं. जालौन में 1046 वक्फ संपत्तियों में 1042 सुन्नी और 4 शिया वक्फ हैं. ललितपुर में सभी 119 संपत्तियां सुन्नी वक्फ की हैं.मेरठ मंडल में मेरठ में 2402 वक्फ संपत्तियों में से 2360 सुन्नी और 52 शिया वक्फ हैं. गौतमबुद्धनगर में 575 संपत्तियों में से 568 सुन्नी और 7 शिया वक्फ हैं. बागपत में 636 संपत्तियां सुन्नी वक्फ हैं. बुलंदशहर में 3313 संपत्तियों में से 3241 संपत्तियां सुन्नी और 72 शिया वक्फ हैं. गाजियाबाद में 1356 संपत्तियों में से 1291 सुन्नी औप 65 शिया वक्फ हैं.सहारनपुर मंडल में सहारनपुर में 4851 संपत्तियों में से 4682 संपत्तियां सुन्नी और 169 शिया वक्फ हैं. मुजफ्फरनगर में 3606 संपत्तियों में से 3147 सुन्नी और 459 शिया वक्फ हैं. शामली में 1105 वक्फ संपत्तियों में से 1086 सुन्नी और 19 शिया वक्फ है.अलीगढ़ मंडल में अलीगढ़ 1400 वक्फ संपत्तियां हैं जिसमें 1358 सुन्नी और 42 शिया वक्फ हैं. हाथरस में सभी 553 संपत्तियां सुन्नी वक्फ की हैं. कासगंज में कुल 575 संपत्तियों में से 568 सुन्नी और 7 शिया वक्फ है.आगरा मंडल में आगरा में 1633 संपत्तियों में 1601 सुन्नी और 31 शिया वक्फ है. फिरोजाबाद में 735 संपत्तियों में से 722 सुन्नी और 13 शिया वक्फ हैं. मथुरा में 826 वक्फ में से 819 सुन्नी और 7 शिया वक्फ हैं. मैनपुरी में 316 वक्फ संपत्तियों में से 314 सुन्नी और 2 शिया वक्फ हैं. एटा में 688 वक्फ में से 685 सुन्नी और 3 शिया वक्फ संपत्ति है. मुरादाबाद मंडल में 3295 वक्फ में से 3208 सुन्नी और 87 शिया वक्फ हैं.अमरोहा में 2680 वक्फ में से 2421 सुन्नी और 259 शिया वक्फ हैं. बिजनौर में 4697 वक्फ संपत्तियों में से 4414 संपत्तियां सुन्नी और 283 शिया की हैं.बरेली मंडल में बरेली में 3994 संपत्तियों में से 3841 सुन्नी और 103 शिया वक्फ है. वहीं बदायूं में 2190 में से 2168 सुन्नी और 22 शिया वक्फ है. पीलीभीत में 1174 संपत्तियों में से 1171 सुन्नी और 3 शिया वक्फ हैं. शाहजहांपुर में 2434 संपत्तियों में से 2433 सुन्नी और 1 शिया वक्फ है.लखनऊ मंडल में लखनऊ में 3072 संपत्तियों में से 2386 सुन्नी और 686 शिया वक्फ है. उन्नाव में 1688 में से 1647 सुन्नी और 41 शिया वक्फ है. रायबरेली में 2875 वक्फ संपत्तियों में 2758 सुन्नी और 117 शिया वक्फ हैं. सीतापुर में 4204 संपत्तियों में से 4134 सुन्नी और 70 शिया वक्फ है. हरदोई में 2062 संपत्तियों में से 2006 सुन्नी और 56 शिया वक्फ है. लखीमपुर खीरी में 2639 संपत्तियों में से 2606 सुन्नी और 33 शिया वक्फ हैं. अमेठी में 1013 संपत्तियों में से 997 सुन्नी और 16 शिया वक्फ हैं.ॉ कानपुर मंडल में कानपुर नगर में 1067 संपत्तियां हैं जिसमें 1004 सुन्नी और 63 शिया वक्फ है.इटावा में 678 संपत्तियों में से 628 सुन्नी और 50 शिया वक्फ है. औरैया में सभी 273 संपत्तिया सुन्नी वक्फ हैं. कन्नौज में 1628 वक्फ संपत्तियों में से 1620 सुन्नी और 8 शिया वक्फ हैं. कानपुर देहात में 1881 संपत्तियों में से 1811 सुन्नी और 70 शिया वक्फ है. फर्रुखाबाद में 2334 संपत्तियां हैं जिसमें 2290 सुन्नी और 44 शिया वक्फ हैं.।

## क्या वक्फ बोर्ड भू-माफिया बन गया है? कुंभ का जिक्र कर बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वक्फ बोर्ड पर बृहस्पतिवार को सीधा हमला करते हुए इस पर भूमि अतिक्रमण करने का आरोप लगाया और इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक और ऐतिहासिक स्थलों पर इसका मनमाना दावा ज्यादा दिनों तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.यहां श्रृंगवेरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''आप यहां निषाद. राज की पौराणिक भूमि पर कब्जा देख रहे हैं ना. शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं. यहां तक की कुंभ के समय भी बयान दिए गए कि कुंभ की भूमि भी वक्फ की है. हमने पूछा था- क्या वक्फ बोर्ड भू-माफिया बन गया है.''उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार के तहत इस तरह के अतिक्रमण हटा दिए गए हैं और माफियाओं को उत्तर प्रदेश से बाहर खदेड़ दिया गया है. उन्होंने कहा, ''निषाद राज से जुड़ी पवित्र भूमि समेत कई जगहों पर वक्फ के नाम पर अतिक्रमण किया गया. लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा. उनकी आपत्तियों के बा. वजूद भव्य और दिव्य कुंभ मेले का आयोजन किया गया.''मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड की कथित अनियमितताओं के खिलाफ विधायी कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी सराहना की. उन्होंने कहा, ''हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगाई है. इस मुद्दे को हल करने वाला एक महत्वपूर्ण विधेयक पहले ही लो. कसभा में पारित हो चुका है और अब इसे राज्यसभा में भी पारित किया जाएगा.''वक्फ (संशोधन) विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो गया और बृहस्पतिवार को राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य अब अवैध दावों को बर्दाश्त नहीं करेगा और राष्ट्रीय हित को पहले स्थान पर रखना होगा. उन्होंने कहा, ''जो लोग राष्ट्र के प्रति वफादार हैं, वे हमेशा अपना रास्ता खोज लेंगे.''जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''महाकुंभ 2025 ने देश-प्रदेश को बहुत कुछ दिया. इतना बड़ा आयोजन सनातन धर्मावलंबी और राम भक्त ही कर सकते हैं. जिनके मन में राष्ट्र के प्रति निष्ठा नहीं है, वे ही इतना बड़ा आयोजन नहीं कर सकते.'' उन्होंने कहा, ''हमारा प्रयागराज अब सामान्य रूप से इलाहाबाद नहीं रहा. अब यह प्रयागराज हो गया है. प्रयागराज का मतलब महा. मिलन स्थल. जो लोग प्रयागराज की पहचान को छिपाते थे, वे नहीं चाहते थे कि इस पौराणिक नगर को एक पहचान मिले क्योंकि उनके लिए उनका वोटबैंक महत्वपूर्ण था.''योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''महाकुंभ ने यहां के लोगों को देश दुनिया में पहचान और सम्मान दिलाया है. व्यक्ति को पहचान और सम्मान मिल जाए तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होता. पिछली सरकारें इस पहचान को समाप्त कर रही थीं. उत्तर प्रदेश को माफियाओं को हवाले कर रही थीं और हर जिले में एक माफिया विकसित कर रही थीं.'' कार्यक्रम में कैं. बनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय निषाद और कई विधायक शामिल हुए.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले सीएम योगी ने लिया तैयारियों का जायजा, पहुंचे वाराणसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 अप्रैल को एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंचे हैं. इस दौरान वह पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे से संबंधित कार्यक्रम व कानून व्यवस्था, विभागीय परियोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक करेंगे. साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शन पूजन करेंगे. वाराणसी के क्षेत्रीय विधायक और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वाराणसी एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया.1 दिवसीय वाराणसी दौरे पर सीएम योगी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज से वाराणसी पहुंचे. इस दौरान एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इसके बाद वह सीधा प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल मेंहदीगंज पहुंचे जहां उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली. इसके बाद यूपी सीएम वाराणसी के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों और जनप्रति. निधियों के साथ कानून व्यवस्था व विकास परियोजनाओं को लेकर अहम बैठक करेंगे. उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह एक दिवसीय वाराणसी दौरा बेहद अहम माना जा रहा है.विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में करेंगे दर्शन पूजन वाराणसी पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे. इसके अलावा काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर में भी दर्शन करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री वाराणसी दौरे के दौरान काशी के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन पूजन करने के लिए जरूर पहुंचते रहे हैं.

## तीन तलाक के बाद पत्नी ने गंगनहर में लगाई छलांग, पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तीन तलाक की पीड़ा झेल रही एक महिला ने गंगनहर में कूदकर आत्महत्या कर ली. यह घटना रुड़की के गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के सफरपुर गांव की है, जहां पति द्वारा तीन तलाक दिए जाने के बाद महिला अवसाद में चली गई और गंगनहर में छलांग लगा दी. पुलिस ने इस मामले में महिला के पति खुशनूद समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और गंगनहर में महिला की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, सहारनपुर की रहने वाली साजिया का निकाह करीब नौ साल पहले सफरपुर गांव निवासी खुशनूद से हुआ था. आरोप है कि निकाह से पहले खुशनूद ने अपनी पहली शादी की बात साजिया से छिपाई थी.शादी के कुछ समय बाद जब साजिया को सच्चाई पता चली कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और उसके सात बच्चे भी हैं, तो उसने इसका विरोध किया. इस पर दोनों के बीच विवाद होने लगा और मामला बढ़ता चला गया. बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान खुशनूद ने न सिर्फ साजिया के साथ मारपीट की, बल्कि उसे घर से बाहर निकाल दिया. जब साजिया अपने हक के लिए दोबारा ससुराल पहुंची, तो खुशनूद ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर फिर से उसके साथ मारपीट की और गुस्से में आकर उसे तीन तलाक दे दिया. तीन तलाक मिलने के बाद साजिया बुरी तरह टूट गई और डिप्रेशन में चली गई. मानसिक तनाव के चलते उसने गंगनहर में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी. इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जल पुलिस के गोताखोरों की मदद से साजिया की तलाश शुरू कर दी गई. हालांकि, अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है. इस मामले में साजिया के परिवार की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति खुशनूद समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी साजिया के तीन बच्चे हैं, जो अब अनाथ हो गए हैं. बताया जा रहा है कि खुशनूद के पहली पत्नी से सात बच्चे हैं, जबकि साजिया से तीन बच्चे हुए थे. इस घटना के बाद साजिया के मायके में कोहराम मचा हुआ है. परिवार का आरोप है कि खुशनूद ने साजिया के साथ न सिर्फ धोखा किया, बल्कि उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी करता था.तीन तलाक के बाद महिला की आत्महत्या का यह मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया है. कई लोग इस घटना को लेकर आक्रोश जता रहे हैं और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं फिलहाल, पुलिस गोताखोरों की मदद से गंगनहर में साजिया की तलाश कर रही है और साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी दबिश दी जा रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा.

## लड़की से लड़का बने शरद सिंह अब बने पिता, पत्नी ने दिया बेटे को जन्म

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में जेंडर बदलवाने वाले शरद सिंह के घर किलकारियां गूंजी हैं. उनकी पत्नी ने एक प्राइवेट हॉस्पिटल में बेटे को जन्म दिया है. शरद काकोरी ट्रेन कांड से जुड़े क्रांतिकारी रोशन सिंह के परपोते हैं. वे दो साल पहले जेंडर बदलवाकर महिला से पुरुष बने थे. पहले उनका नाम सरिता सिंह था., शरद सिंह ने साल 2021-22 में जेंडर बदलवाने की प्रक्रिया शुरू की थी. दरअसल लड़की के तौर पर जन्म लेने के बावजूद हार्मोनल असंतुलन के चलते उनके हाव भाव लड़कों जैसे थे. और उनकी व्यक्तिगत पंसद (हेयरस्टाइल, ड्रेसिंग सेंस) भी लड़कों से मिलते जुलते थे. इस अवस्था को 'जेंडर डिस्फोरिया' कहते हैं. इसमें आम तौर पर परिवार और समाज बच्चे का लिंग देखकर उसका जेंडर तय कर देता है. लेकिन कुछ केस में बच्चा बड़ा होने के बाद अपने निर्धारित जेंडर में सहज महसूस नहीं करता है.ऐसे में साल 2022 में उन्होंने लखनऊ में हार्मोंस थेरेपी करवाई. इससे उनके चेहरे पर दाढ़ी उग आई. और आवाज भी भारी हो गई. इसके बाद साल 2023 की शुरुआत में उन्होंने मध्य प्रदेश के इंदौर में सर्जरी करवा कर जेंडर बदलवा लिया. जेंडर चेंज होने की प्रक्रिया पूरी होने पर शाहज. हांपुर के तत्कालीन डीएम उमेश प्रताप सिंह ने उन्हें पुरुष होने का सर्टिफिकेट दिया. और शरद रोशन सिंह के नाम से उन्हें नई पहचान मिली.नया नाम और पहचान मिलने के बाद 23 नवंबर 2023 को शरद ने पीलीभीत की रहने वाली अपनी महिला मित्र सविता सिंह से शादी कर ली. 2 अप्रैल को प्रसव पीड़ा होने पर सविता सिंह को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. जहां शाम को ऑपरेशन से उन्होंने बेटे को जन्म दिया.सेक्स चेंज ऑपरेशन के लिए ऑपरेशन से पहले इस बात की पुष्टि की जाती है कि इसकी चाहत रखने वाले शख्स को 'जेंडर डिस्फोरिया' है या नहीं. इसके लिए सायकायट्रिस्ट और साइकोलॉजिस्ट की मदद लेनी पड़ती है. सायकायट्रिस्ट ये तय करने के लिए कि मामला 'जेंडर डिस्फोरिया' का है या नहीं, पेशेंट के साथ लंबी सेंशन्स और बातचीत करते हैं. जेंडर डिस्फोरिया डायग्नोस होने के बाद ट्रीटमेंट की शुरुआत होर्मोनल थेरेपी से की जाती है. यानी जिस हार्मोन की जरूरत है वो दवाओं और इंजेक्शन के जरिए शरीर में पहुंचाया जाता है. इसके बाद सर्जरी की तैयारी होती है. सर्जरी कराने वाले की उम्र कम से कम 20 साल होनी चाहिए. 20 साल से कम उम्र होने पर माता-पिता की सहमति जरूरी है. ऑपरेशन के लिए कम से कम एक सायकोलॉजिस्ट की मंजूरी भी जरूरी है.

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने मांगी स्थायी नियुक्ति कलक्ट्रेट में प्रदर्शन, घटिया मोबाइल और नेट रिचार्ज की समस्या बताई

हाथरस में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। कर्मच. ारियों ने बताया कि उन्हें दिए गए मोबाइल निम्न गुणवत्ता के हैं और अब खराब हो चुके हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल या टैबलेट की मांग शामिल है। पिछले दो वर्षों से नेट रिचार्ज के लिए कोई भुगतान नहीं मिला है। कर्मचारियों ने अनलिमिटेड रिच. ार्ज की मांग की है।संघ ने ऑनलाइन कार्य के दबाव को कम करने और एफआरएस प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने कैफे पर काम के लिए ढाई हजार रुपये का अतिरिक्त मानदेय या सीडीपीओ कार्यालय से ऑनलाइन कार्य कराने की मांग रखी है।हाथरस में आंगनबाड़ी कर्मच. ारी संघ ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।हा. थरस में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। स्थायी नियुक्ति की मांग कर्मचारियों की अन्य प्रमुख मांगों में स्थायी नियुक्ति, कार्यकर्ताओं को 20,000 और सहायिकाओं को 15,000 रुपये मानदेय, ग्रेच्युटी और पेंशन की सुविधा शामिल है। साथ ही, उन्होंने मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आने वाला बजट सीधे कार्यकर्ताओं के खाते में भेजा जाए।संघ ने दी चेतावनी... संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे केवल ऑफलाइन काम करेंगी और किसी भी ऑनलाइन कार्य को नहीं करेंगी।

## हाथरस के सादाबाद गेट स्थित घनी आबादी वाले इलाके में एक मडगार्ड पेंटिंग फैक्ट्री में आज सुबह अचानक आग लग गई

हाथरस के सादाबाद गेट स्थित घनी आबादी वाले इलाके में एक मडगार्ड पेंटिंग फैक्ट्री में आज सुबह अचानक आग लग गई। अंकित टालीवाल की इस फैक्ट्री में वाहनों के मडगार्ड पर पेंटिंग का काम होता है। फैक्ट्री के आसपास कई गैराज हैं, जहां गाड़ियां खड़ी थीं। आग की लपटें देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर स्टेशन को सूचना दी। मौके पर तीन दमकल गाड़ियां पहुंचीं।फैक्ट्री में गैस सिलेंडर होने के कारण आसपास के घरों और गैराज में आग फैलने का खतरा था। आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी और हाइड्रा मशीन का इस्तेमाल किया गया। बचाव कार्य के दौरान फैक्ट्री की एक दीवार को तोड़ना पड़ा।लाखों रुपए का हुआ नुकसानदमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## सादाबाद तहसील के सहपऊ ब्लॉक में रोजगार सेवकों ने कलम बंद हड़ताल शुरू

सादाबाद तहसील के सहपऊ ब्लॉक में रोजगार सेवकों ने कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। पिछले 17 महीनों से वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।रोजगार सेवकों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 का मानदेय अभी तक नहीं मिला है। वे कई वर्षों से कम वेतन पर पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। मनरेगा के अलावा आधार सर्वे, जीरो पॉवर्टी, विधानसभा और लोकसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं।वेतन नहीं मिलने से सेवकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों की स्कूल फीस जमा करना भी मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार, सत्यप्रकाश राना, भूपेंद्र कुमार, शिशुपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, गिरेंद्र सिंह, संजय कुमार, चंद्रशेखर, बबलू, नरेश कुमार, राहुल कुमार, प्रताप सिंह और योगेश कुमार शामिल थे। रोजगार सेवकों ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान न होने का मुद्दा भी उठाया है।

## हाथरस में भीड़ ने पीछा कर रुकवाया, जमकर हुआ हंगामा



हाथरस के सिकंद्राराऊ में जीटी रोड पर एक रोडवेज बस चालक ने एक बाइक सवार को खिड़की से लटकाकर करीब एक किलोमीटर तक बस दौड़ाई। घटना गुरुवार दोपहर करीब 3रू30 बजे की है। एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ बाइक पर एटा से सिकंदराराऊ की तरफ आ रहा था।रेलवे क्रॉसिंग के पास पीछे से आई रोडवेज बस ने उनकी बाइक समेत एक अन्य बाइक को टक्कर मार दी। दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं।पीड़ित ने जब बस चालक से रुकने को कहा तो उसने बस नहीं रोकी। पीड़ित बस की खिड़की पर लटक गया। इसके बावजूद चालक बस को तेज गति से चलाता रहा। वह पंत चौराहे तक पहुंच गया।लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया राहगीरों की भीड़ ने पीछा कर बस को रुकवाया। पीड़ितों ने बस के आगे बाइक खड़ी कर हंगामा भी किया। मौके पर पहुंची इलाका पुलिस और स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाया।




**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

## हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई

हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। आगरा रोड पर गांव मीतई के पास स्पीड ब्रेकर से बाइक असंतुलित होने के कारण एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कोतवाली मुरसान क्षेत्र के गांव पदू निवासी मीना देवी (56 वर्ष) पत्नी बनी सिंह के रूप में हुई है।वह अपने गांव से हाथरस के एक प्राइवेट अस्पताल जा रही थी। गांव मीतई के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक असंतुलित होने से वह नीचे गिर गई। घटना के बाद आसपास के लोग मीना देवी को तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शुरू की मामले की जांच सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीना देवी अपने पीछे 6 बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्यों को छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सादाबाद और सहपऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

सादाबाद और सहपऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 213 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।सादाबाद केंद्र में 143 और सहपऊ केंद्र में 70 महिलाओं की जांच हुई। जांच के बाद 190 महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए रेफर किया गया। इनमें सादाबाद से 126 और सहपऊ से 64 महिलाएं शामिल हैं।जांच में सहपऊ केंद्र पर 6 और सादाबाद केंद्र पर 9 महिलाएं उच्च जोखिम गर्भावस्था की श्रेणी में पाई गईं। दोनों केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जा रही है। खून की कमी वाली महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं।सादाबाद केंद्र में नॉर्मल और सीजेरियन दोनों तरह के प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। सादाबाद सीएचसी प्रभारी डॉ. दानवीर और सहपऊ सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रकाश मोहन ने उच्च जोखिम वाली महिलाओं को किसी भी परेशानी पर तुरंत केंद्र में दिखाने की सलाह दी। सभी महिलाओं को आयरन की गोलियां दी गईं और पोषण के लिए फल भी वितरित किए गए।

## हाथरस पुलिस ने गोकशी से जुड़े अपराधियों पर कसा शिकंजा

हाथरस पुलिस ने गोकशी से जुड़े अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर श्ऑपरेशन शिकंजाश के तहत जिले के सभी थानों की पुलिस ने 52 संदिग्ध अपराधियों का सत्यापन किया है।सिकंद्राराऊ थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 22 अपराधियों की जांच की गई। हाथरस गेट और कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में 6–6 अपराधियों का सत्यापन हुआ। हसायन और सादाबाद थाना क्षेत्र में 5–5, हाथरस जंक्शन में 3, मुरसान और सहपऊ में 2–2 तथा चंदपा थाना क्षेत्र में 1 अपराधी की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने सभी संदिग्धों के घर जाकर उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली।थाना प्रभारी रख रहे ऐसे अपराधियों पर नजर... थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और हल्का प्रभारियों को अपने क्षेत्र में ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस के मुताबिक जो अपराधी अभी भी गोकशी जैसी आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाया जा रहा है।

## राजस्व अभिलेखों में जीवित लोगों को दर्शाया मृत

राजस्व अभिलेखों में जीवित लोगों को मृत दर्शा दिया गया। इसकी शिकायत तहसीलदार से शिकायत की गई है। तहसीलदार ने शिकायत की गंभीरता से जांच कराने का आश्वासन दिया है।गांव कुरसंडा निवासी विवेक बंसल पुत्र उत्तम सिंह ने तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने बताया कि वह अपने गांव के ही रामनारायण व राकेश कुमार हाल निवासी मथुरा की गांव कुरसंडा स्थित कृषि भूमि की पिछले करीब 30 वर्षों से देखरेख करते हैं। संपत्ति की देखरेख के लिए उन्हें 21 जुलाई 1997 को अधिकृत किया था और उन्हें संपत्ति के इकरारनामा व विक्रय करने का अधिकार दिया था।वृद्धावस्था होने के कारण रामनारायण व राकेश कुमार घर पर ही निवास करते हैं। आरोप है कि लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने आगरा के टेढ़ी बगिया निवासी एक व्यक्ति से साजिश कर दोनों को राजस्व अभिलेखों में मृतक दर्शा दिया है, जबकि दोनों जीवित हैं। विवेक ने प्रकरण की गंभीरतापूर्वक जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। तहसीलदार अंजली सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रात भर गड्ढे में पड़े रहे हादसे में घायल बाइक सवार, एक की मौत

अलीगढ़–गोंडा मार्ग पर मंगलवार रात को दो बाइक सवार व्यक्ति सामने से आए वाहन से बचने की कोशिश में सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। रात भर यह बेहोशी की हालत में यहीं पड़े रहे। इस दौरान एक ने दम तोड़ दिया। सुबह दिन निकलने पर ग्रामीणों ने इन्हें गड्ढे में पड़ा देख पुलिस व परिजनों को जानकारी दी। हादसा मंगलवार रात करीब 11 बजे थाना गोंडा क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर स्थित पानी की टंकी के पास मोड़ पर हुआ। मरने वाले इंतजार अहमद (65) कस्बे के शाहजमाल रोड की गली नंबर नौ के रहने वाले थे। हादसे में उनके पड़ोसी आस मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हुए हैं।यह दोनों मंगलवार रात घर से गांव नगला जंगली में कव्वाली का कार्यक्रम देखने के लिए बाइक से निकले थे। पानी की टंकी के पास मोड़ पर सामने से आए किसी वाहन से बचने की कोशिश में इनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और यह बाइक सहित गड्ढे में जा गिरे। दोनों हेलमेट नहीं पहने थे। इंतजार के सिर में गंभीर चोट आई है। हेलमेट पहने होते तो उनकी जान बच सकती थी। आस मोहम्मद के हाथ और सीने में चोट आई है। दोनों बेहोशी की हालत में पूरी रात गड्ढे में पड़े रहे। आस मोहम्मद को बुधवार सुबह करीब छह बजे होश आया। इस दौरान वहां से गुजरे ग्रामीणों की नजर इन पर पड़ी। उन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। एंबुलेंस से इन्हें सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सक ने इंतजार अहमद को मृत घोषित कर दिया। आस मोहम्मद को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक इंतजार अहमद मजदूरी करते थे। उनके परिवार में चार पुत्र व चार पुत्रियां हैं, जिनमें से एक पुत्र व एक पुत्री अभी अविवाहित हैं।

## लेखाबंदी से अटका ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन का कार्य

वित्तीय वर्ष 2024–25 की लेखाबंदी किए जाने के कारण संभागीय परिवहन विभाग की वेबसाइट सारथी पर भी वित्तीय कार्य रुक गए। नए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाने के लिए ऑनलाइन फीस जमा नहीं हो पा रही। इस कारण वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जिले में हर रोज करीब 80 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के लिए आवेदन किए जाते हैं। यह आवेदन ऑनलाइन किए जाते हैं। आवेदन के दौरान फीस का भुगतान ऑनलाइन किया जाता है, लेकिन बैंक की लेखा बंदी के कारण ऑनलाइन भुगतान में समस्या आने से आवेदन की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा पा रहा। इस कारण न तो लर्निंग लाइसेंस जारी हो रहे हैं और न ही स्थायी लाइसेंस जारी हो पा रहे हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक ने साइबर फ्रॉड के प्रति ग्राहकों को किया सतर्क



अलीगढ़ : साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बैंक विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाकर ग्राहकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दे रहा है। गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार मेंआइ आ. ईसीआई बैंक द्वारा साइबर सुरक्षा और डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में बताया गया कि डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधियों द्वारा फिशिंग, स्मिशिंग (एसएमएस फ्रॉड), वॉट्सऐप स्कैम, यू.पी.आई. धोखाधड़ी और मालवेयर अटैक जैसी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। इन घटनाओं में अपराधी ग्राहकों को नकली कॉल, ईमेल या मैसेज भेजकर उनकी बैंकिंग जानकारी चुराने का प्रयास करते हैं। आईसीआईसीआई बैंक के रीजनल हैड पंकज रस्तोगी द्वारा सावधानियाँ और सुझाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। बैंक कभी भी ईमेल, एसएमएस या कॉल के माध्यम से गोपनीय जानकारी नहीं मांगता है। यदि कोई संदिग्ध लिंक प्राप्त हो, तो उसे न खोलें। सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें और बैंकिंग पासवर्ड को समय–समय पर बदलते रहें। पासवर्ड को किसी के साथ साझा न करें, फर्जी कॉल्स से बचें। यदि कोई व्यक्ति बैंक अधिकारी बनकर कॉल करे और गोपनीय जानकारी मांगे, तो तुरंत सतर्क हो जाएं और इसकी सूचना बैंक को दें। आधिकारिक वेबसाइट और ऐप का ही उपयोग करें। बैंकिंग सेवाओं का उपयोग केवल बैंक की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से करें। ऑनलाइन बैंकिंग में सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो–स्तरीय सत्यापन अनिवार्य रूप से अपनाएं। रीजनल हैड राजकुमार सिंह द्वारा बताया गया कि यदि इतनी सारी सावधानियां बरतने के उपरांत भी आपके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है तो तुरंत विभिन्न माध्यमों से इसकी रिपोर्ट संबंधित बैंक के कस्टमर केयर, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल ़बलइमत. बतपउम.हवअ.पद पर दे सकता है। रीजनल हैड सेल्स साकेत कपूर ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक अपने ग्राहकों को सुरक्षित और निर्बाध बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक सभी ग्राहकों से अनुरोध करता है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तुरंत सूचना दें।इस अवसर पर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एडीएम वित्त मीनू राणा, सहायक आयुक्त खाद्य दीनानाथ, डिप्टी कलैक्टर अनिल कुमार कटियार, आ. ईसीआईसीआई बैंक शाखा प्रबंधक रविक. ांत, रिलेशनशिप मैनेजर गोविंद सिंह समेत समेत कलैक्ट्रेट पटल सहायक उपस्थित रहे।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय पेंशन अदालत का हुआ आयोजन



अलीगढ़ मण्डलायुक्त संगीता सिंह अध्यक्षता एवं अपर निदेशक, कोषागार पेंशन अलीगढ–आगरा मण्डल महिमा चंद के संचालन में गुरूवार को कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।मण्डलीय पेंशन अदालत में कुल 19 प्रकरण प्राप्त हुये थे। जिनमें से 7 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिला विकास अधिकारी कार्यालय, एटा के सेवानिवृत्त जीप चालक हनीफ रसूल के सेवानिवृत्त देयकों के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त द्वारा विभाग को निर्देशित किया गया कि 15 दिनों के भीतर नियमानुसार पेंशन आदि की स्वीकृति सु. निश्चित करायें। इसी प्रकार उद्यान विभाग कार्यालय एटा के वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक देवपाल सिंह के सम्बन्ध में वेतन निर्धारण पुनः जाँच के निर्देश दिये गये। जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय अलीगढ के सहायक अध्यापक मौहम्म्द अहमद के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया की वादी निर्धारित तिथि को मदरसे में उपस्थित होकर अपने मूल अभिलेखों का सत्यापन करायें। बेसिक शिक्षा विभाग के 4 प्रकरणों के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों द्वारा पेंशन अदालत में अवगत कराया गया कि अभी जीपीएफ में अनियमित भुगतान की जाँच के कारण अभिलेख जाँच समिति के अधीन हैं, जॉच के उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।पेंशन अदालत में अपर निदेशक कोषागार पेंशन अलीगढ आगरा मण्डल आगरा महिमा चन्द, वरिष्ठ कोषाधिकारी अलीगढ़ योगेश कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी हाथरस सतीश, जिला विकास अधिकारी हाथरस प्रेमनाथ यादव, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा अलीगढ़ निखलेश राजन, सहायक लेखाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, पेंशन पटल सहायक सुधीर कुमार शर्मा, अनूप कुमार गुप्ता, गिर्राज किशोर, सुशील गुप्ता, गजेन्द्र सिंह राणा उपस्थित रहे।

## मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य 7 अप्रैल को अलीगढ़

अलीगढ़ मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी 7 अप्रैल सोमवार को अलीगढ़ पधार रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार मा0 उप मुख्यमंत्री राजकीय वायुयान द्वारा 11:20 बजे अलीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे तदोपरांत 11:35 बजे सर्किट हाउस पर पार्टी पदाधिकारियों, मा0 जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे।मा0 डिप्टी सीएम श्री मौर्य जी 12:15 बजे सिंघारपुर स्थित सी.बी. गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ परिसर में नवनिर्मित ष्माधव सम्मेलन केंद्रष् के लोकार्पण में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। वह 1.25 बजे ओजोन सिटी प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करने के उपरांत 2:05 बजे सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक एवं विकासशील व निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद हवाई मार्ग द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मण्डलायुक्त के भ्रमण कार्यक्रमों का रोस्टर जारी

अलीगढ.: कमिश्नरी कार्यालय द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा माह अप्रैल में विभिन्न भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मण्डलायुक्त द्वारा 16 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे से सायलो वेयर हाउस हरदुआगंज एवं नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया जाएगा। 24 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से आसरा योजना, पहाड़पुर, सोरों जिला कासगंज एवं 50 बैडेड क्रिटिकल केयर हॉस्पीटल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाएगा। 26 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे से ब्लॉक लोधा के कोमालिका एफपीओ भमरौला के कार्य प्रबंधन एवं 29 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से गोंडा ब्लॉक में अमृत सरोवर तलेसरा, वृहद गौशाला मजूपुर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोंडा का निरीक्षण किया जाएगा।

## फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा उपलब्ध कराएगा बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) एवं रक्त कैंसर की ओपीडी अलीगढ़ में

अलीगढ़,बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) यानी अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण एवं रक्त कैंसर पर भारत में सबसे अग्रणी और विश्वसनीय फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने नवजीवन अस्पताल रामघाट रोड़ अलीगढ़ में ओपीडी की शुरुआत की है। इसे लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होटल आभा रीजेंसी, रामघाट रोड, न्यू विष्णुपुरी, अलीगढ़ में तीन अप्रैल को किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि ओपीडी में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। डॉ. प्रवीण वार्ष्णेय, सीनियर कंसलटेंट–इंटरनल मेडिसिन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। डॉ राहुल भार्गव, प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं चीफ हेमेटोलॉजी, हेमेटो–ओंकोलॉजी एंड बीएमटी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम एवं नोएडा ने कहा, "फोर्टिस का बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) प्रोगाम देश में अपनी तरह के सबसे बड़े प्रोग्रामों में से एक है, जो मरीजों के लिए विस्तृत देखभाल तथा उनके जीवन को बदलकर रख देने वाले उपचार विकल्पों में से है। हम सटीक तरीके से कैंसर के उपचार के लिए इम्यून सिस्टम की ताकत का इस्तेमाल करने वाली सीएआर–टी सेल थेरेपी को और अधिक उन्नत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। बीएमटी के क्षेत्र में हमारी विशेषज्ञता के साथ–साथ अत्याधुनिक सीएआर–टी सेल थेरेपी का मेल कराकर, हम अपने मरीजों के लिए सबसे इनोवेटिव और कारगर उपचार विकल्पों को उपलब्ध करा रहे हैं ताकि हम सर्वेश्रेष्ठ संभव परिणामों को साकार कर सकें। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए विशिष्ट और समर्पित टीम तथा सर्वाधिक उन्नत टेक्नोलॉजी का शानदार मेल उपलब्ध है।"डॉ. प्रियांशी पचौरी, एसोसिएट कं. सल्टेंट–हेमेटोलॉजी, हेमेटो–ऑन्कोलॉजी और बीएमटी (रक्त कैंसर रोग विशेषज्ञ) , फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने बताया कि फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) एवं रक्त कैंसर कार्यक्रम भारत में सबसे उच्च कोटि का इलाज प्रदान करता है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक ऐसी चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें रोगग्रस्त अस्थि मज्जा को स्वस्थ अस्थि मज्जा से बदल दिया जाता है। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो सकती है।"हेमेटोन्कोलॉजी चिकित्सा की एक शाखा है जो रक्त कैंसर और अन्य रक्त संबंधी विकारों के निदान और उपचार से संबंधित है। इनमें ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मायलोमा जैसे रक्त कैंसर, विभिन्न प्रकार के एनीमिया और अन्य दुर्लभ रोग शामिल हैं। डॉ. प्रियांशी ने बताया कि यहां रोगियों को केवल उपचार नहीं मिलेगा बल्कि व्यापक देखभाल मिलती है जो उपचार के जरिए उनका जीवन बदलने में सहायक है। डॉ. प्रियांशी ने कहा कि अत्याधुनिक सीएआर–टी कोशिका चिकित्सा के साथ अपनी व्यापक बीएमटी विशेषज्ञता को जोड़कर, हम रोगियों को सबसे नवीन और प्रभावी उपचार विकल्प प्रदान कर रहे हैं, जो सर्वोत्तम संभव परिणाम देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हमें सीएआर–टी कोशिका चिकित्सा को आगे बढ़ाने में हम नेतृत्वकर्ता है और इस पर हमें गर्व है। इस दौरान डॉ. प्रवीण वार्ष्णेय भी मौजूद रहे।

## हीट वेव की आहट से एक्शन मोड में आया नगर निगम ए0टू0जेड0 प्लांट में फिर पहुंचे नगर आयुक्त



अप्रैल की शुरुआती दिनों में ही बढ़ते तापमान के कारण हीट वेव की संभावना को देखते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अभी से हीट वेव में राहत और बचाव की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की हिदायत अधीनस्थों को दी है साथ ही साथ नगर आयुक्त ने पिछले साल ए0टू0जेड0 में लगी आग की घटना को देखते हुए निरीक्षण करते हुए प्लांट में 2 पानी की टेंकर रिजर्व रखने के लिए ए0टू0जेड0 को कहा है। नगर आयुक्त ने ए0टू0जेड0 प्लांट में आने वाले प्रत्येक कचरे के वाहनों को कचरा ढक कर न लाने पर अर्बन कंपनी पर जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार को दिए।नगर आयुक्त ने बताया

अप्रैल की शुरुआती दिनों में ही तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है ऐसी स्थिति में नगर निगम हीट वेब से राहत और बचाव कार्य को कराने के लिए प्रयासरत है जलकल विभाग में 20 पानी के टैंकर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भरवा कर रखे पाए गए हैं साथ ही साथ नगर निगम की एंटी स्मोक गन को भी भरवाकर एक्टिव मोड में रखा गया है।उन्होंने बताया कि सामाजिक संगठनों व्यपारी संगठन व बैंको से सीएसआर अंतर्गत 200 पेयजल मिट्टी के घड़ो को मुख्य मार्गो पर रखवाया जाएगा। साथ ही साथ आगामी 15 अप्रेल से सभी वाटर एटीएम को भी एक्टिव कर दिया जाएगा।ये रहे मौजूद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार मुख्य अभियंता सुरेश चंद एसएफआई बिशन सिंह स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक अहसान रब साथ थे।

## शारदा संगोष्ठी में विद्यार्थी किए सम्मानित

इगलास। गांव कारेका के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान हरवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि गीतम सिंह रहे। अध्यक्षता गजेंद्र सिंह व संचालन राज्य आध्यापक पुरुस्कार प्राप्त यतीश कुमार ने किया। ग्राम प्रधान ने विद्यालय की उत्कृष्ठ शिक्षण व्यवस्था की सराहना की। कक्षा आठ में पास बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधान द्वारा धन. राशि देकर सम्मानित किया। जनपद स्तर पर डिवेट में चयनित हिमांशी को भी सम्मा. नित किया। कार्यक्रम में अध्यापिका हेमलता गुप्ता आदि का सहयोग रहा

## आपूर्ति एवं परिवहन विभाग कि संयुक्त टीम ने नो हैलमेट–नो पेट्रोल मुहिम का किया आकस्मिक निरीक्षण



अलीगढ़ : आमजन को सुरक्षित सड़क यातायात सुनिश्चित कराने के लिए गुरूवार को जिलापूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह, आरटीओ एवं एआरटीओ की उपस्थिति में आपूर्ति एवं परिवहन विभाग कि संयुक्त टीम द्वारा नो हैलमेट–नो पेट्रोल के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्पो का बुधवार व गुरूवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने मैसर्स गिर्राज फ्यूल पॉइंट जीटी रोड सरसोल, मैसर्स कृष्णा ऑटो मोबाइल जीटी रोड मसूदाबाद, मैसर्स एचएमआई ऑटो सेर्विस स्टेशन कबर कुत्ता निकट पुराना बस स्टैंड, मैसर्स नौरंगराय जैन एंड सन्स जीटी रोड नौरंगाबाद एवं मैसर्स स्टैंडर्ड ऑटो मोबाइल्स जीटीरोड एटा चुंगी का निरीक्षण किया। संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त पम्पो पर उपभोक्ताओं को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं हेलमेट ना पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। पेट्रोल पम्प स्वामियों व प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले बाइक चालकों की फोटो खींचकर ग्रुप पर शेयर करें। मैसर्स कृष्णा ऑटो मोबाइल जीटी रोड मसूदाबाद की पम्प पर छव HELMET NO FUEL का बैनर प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर बैनर लगाने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान कुल 50 बाइक चालकों का मोटर यान अधिनियमधनियमावली के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा चालान किया गया, जिसमें से 24 चालान उक्त पम्पो पर बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले बाइक चालकों का किया गया।

## टोंक के अलीगढ़ में पंचायत समिति के सामने गुरुवार को युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू

टोंक के अलीगढ़ में पंचायत समिति के सामने गुरुवार को युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह धरना जिले की उनियारा पंचायत समिति क्षेत्र में पीएम आवास योजना समेत विभिन्न विकास कार्यों में अनियमितता की जांच करा कर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुरू किया है।धरने पर बैठे युवा शिवराज बारवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) में नियम विरूद्ध धांधली, निर्माण व विकास कार्यों, ग्राम पंचायत क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्थाओं में धांधली, गबन और अनियमितताओं व जनहित की मांगों व मुद्दों व लम्बित जांचों और अपने पद का दुरूपयोग कर सरकारी जांच रिकॉर्ड में फेरबदल करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गुरूवार से अलीगढ़ पंचायत समिति कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया है।मीणा ने बताया कि एक सप्ताह में अलीगढ़ पंचायत समिति सहित प्रशासन द्वारा मांगों का समाधान प्रशासन द्वारा नहीं किया गया तो अगले सप्ताह में लोगों की राय से आमरण अनशन भी शुरु किया जा सकता है। यह धरना जागरूक नागरिक आमजन सेवा समिति (श्रछै) जिला टोंक के बैनर तले दिया जा रहा है।धरने में पहले दिन शिवराज बारवाल के अलावा ओमप्रकाश, रामकेश चोरू, राजूलाल बिलासपुर, सुरेश, छोटूलाल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों में सरकारी राशि का गबन किया है। इसकी निष्पक्ष जांच कराकर प्रशासन कार्रवाई करे।

# कासगंजः दस्यु गिरोहों की आराध्य देवी रही हैं मां स्योर महारानी...सरगना चढ़ाते थे घंटा

पटियाली संवावदाता इंद्रपाल रपजपूत

एटा–कासगंज की कटरी दस्यु गिरोहों की पनाहगाह थी। छविराम, पोथी, कलुआ सहित अनेक दस्यु यहां की जमीन पर पले बढ़े हैं। इन सभी दस्यु गिरोहों की एक आराध्य देवी रहीं हैं। जो वर्तमान में कासगंज जिले की पटियाली तहसील के दरियावगंज क्षेत्र में हैं। यहां सरगना माता रानी की पूजा करते थे और अपनी मनौती पूरी करने के लिए पहुंचते थे।समाजसेवी अनुज सक्सेना बताते हैं कि स्योर मंदिर पूर्व में एटा जनपद में था लेकिन वर्ष 2008 में अलग जनपद बनने के चलते अब यह कासगंज जनपद में आता है। लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराने देवी स्योर मंदिर के बारे में मान्यता है कि इनकी चौखट पर आकर जो भी श्रद्धा से मांगता है, देवी स्योर उसकी मनोकामना पूरी करतीं हैं। लोग अपनी मन्नत मांगते समय मंदिर की दीवारों पर सतिया भी बनाते हैं। श्रद्धालु मानते हैं कि ऐसा करने पर देवी मां उनकी मनोक.।मना पूरी करतीं हैं।सरगना चढ़ाते थे घंटा बुजुर्ग बताते हैं कि इस इलाके में 60–70 और 80 के दशक में दस्यु (डकैतों) गिरोहों का जबरदस्त प्रभाव था। उस समय के मशहूर दस्यु गिरोहों में छविराम और पोथी प्रमुख थे। इसके अलावा कई अन्य छोटे गिरोह भी थे। यह सभी गिरोह किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले देवी स्योर मंदिर पर माथा टेकने अवश्य जाते थे। कार्य मे सफलता के लिए मनौती मांगते थे। जब मनौती पूरी होती तो दस्यु सरदार देवी पर प्रसाद और घंटा चढ़ाते थे, क्योंकि उनको लगता था कि देवी के मंदिर पर माथा टेकने के बाद कार्य करने से उनका कार्य सफल होता था। इस तरह देवी स्योर डकैतों की आराध्य कही जाने लगी।बुरी नियत वाले का होता है नाश स्थानीय निवासी अरुण पालीवाल एवं सुमित विजयवर्गीय बताते हैं कि बुरी नियत से मंदिर पर आने वाले को देवी अवश्य दंडित करतीं हैं। वे एक घटना के बारे में बताते हैं कि मंदिर पर एक बाबा रहते थे। रात में डकैत आए वह मंदिर प्रांगण में किसी को मारना चाहते थे। बाबा ने मना किया तो डकैतों ने बाबा पर सात गोलियां दाग दीं। घटना के बाद डकैतों को दिखाई देना बंद हो गया था। देवी की कृपा से बाबा सात गोली लगने के बाद भी पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सभी डकैत पकड़ लिए गए।

# कासगंज में युवक का नहर में शव मिला

कासगंज में युवक का नहर में शव मिला। कोतवाली कासगंज क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी ईदगाह चकईया निवासी 32 वर्षीय मौसम का शव हजारा नहर से बरामद किया गया है।मौसम ईद के दिन 31 मार्च को अपने दोस्तों के साथ नदरई स्थित हजारा नहर पुल पर बाइक से घूमने गया था। वहां वह नहर में डूबकर लापता हो गया। अगले दिन उसकी बाइक नहर के किनारे से मिली थी। चार दिन की तलाश के बाद आज उसका शव नहर से बरामद कर लिया गया।मृतक के भाई हासिम ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# एटा के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या

एटा के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान देवेंद्र के रूप में हुई है। जो रामेश्वर सिंह का पुत्र था। वह स्थानीय सब्जी की दुकान पर काम करता था।घटना की जानकारी के अनुसार, देवेंद्र के पिता ने घर को बेचने का सौदा कर लिया था। इस बात से व्यथित देवेंद्र ने बुधवार की रात को शादी का सूट पहना और कमरे में लगे हुक पर फांसी लगा ली।सुबह जब परिजनों ने युवक का शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली नगर के थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के अनुसार, युवक का अपने परिवार से ज्यादा संपर्क नहीं था। परिजन घटना के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। घर में मातम का माहौल है और परिवार के सदस्य शोक में डूबे हुए हैं।

# कासगंजः प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबों का खेल, अभिभावकों की जेब पर भारी

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



सरकार के प्रतिबंधों के बावजूद प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकों का चलन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। मॉन्टेसरी स्कूलों में भी एनसीईआरटी की पुस्तकें पाठ्यक्रम में शामिल करने का फरमान पूरी तरह से हवाई साबित हो रहा है। करीब सभी मॉन्टेसरी स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाई जाती हैं, जो बाजारों में तय दुकानों पर ही मिलती हैं। पुस्तक विक्रेता स्कूल संचालकों को मोटा कमीशन देकर अभिभावकों की जेबों पर डाका डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। कई स्कूल स्वयं बच्चों को कॉपियां–किताबें व ड्रेस देकर अधिक दाम वसूल रहे हैं।अफसरों ने स्कूलों को मान्यता देने के बाद वहां संचालित पाठ्यक्रमों व अन्य संसाधनों की जांच करना मुनासिब नहीं समझा। इससे शिक्षा के नाम पर धन उगाही का कारोबार धड़ल्ले से फल–फूल रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फरमान जिले के स्कूल संचालकों की मनमानी के सामने दम तोड़ता नजर आ रहा है।बात शुरू करते हैं शहर के नदरई गेट स्थित गायत्री बुक सेंटर की। यहां सीबीएसई बोर्ड से संचालित तीन नामचीन स्कूलों, नगर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों और यूपी बोर्ड से संचालित कुछ स्कूलों की किताबें मिलती हैं।नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही यहां नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों व उनके अभिभावकों की भीड़ जुटने लगी है। कक्षावार किताब व कॉपियों का बंडल तैयार रहता है। इसका मूल्य भी कक्षावार रजिस्टर पर अंकित होता है। नर्सरी की किताबों का मूल्य छह हजार व आठवीं की कॉपी–किताबों का मूल्य 15 हजार रुपये तक है। इसी तरह शहर के अन्य पुस्तक विक्रेताओं के यहां भी पौ–बारह है। यहां नगर के सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों के अलावा नामचीन स्कूलों की किताबें मिलने का एकमात्र स्थान है। खास बात यह है कि इन दुकानों के संचालक अभिभावकों को खरीदी गई कॉपी–किताबों की पक्की रसीद नहीं देते हैं। मांगने पर सादी पर्ची पर लिखकर थमा दिया जाता है।नहीं मिलती किताबों की सूची स्कूलों में इस बार किस दुकान से किताब–कॉपियां लेनी हैं, इसका लिखित पर्चा नहीं दिया जा रहा है। कोरोना काल से पहले तक पुस्तक विक्रेताओं द्वारा कक्षावार किताबों की सूची बच्चों को दी जाती थी। इसमें दुकान का नाम, पता व फोन नंबर सहित अंकित रहता था। इस बार अभिभावकों को सीधे दुकान का नाम बताया जा रहा है। दुक.।नदार भी अपनी दुकान का पर्चा काटने के बजाय स्कूल के नाम का पर्चा काट रहे हैं। अब तक इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर स्कूल प्रशासन से जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी

## 30 वर्षीय टेंट व्यवसाई हेमंत ने फांसी लगाकर आत्महत्या

एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र में दीपाशीष विवाह स्थल के एक बंद कमरे में 30 वर्षीय टेंट व्यवसाई हेमंत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शांति नगर निवासी हेमंत गेस्ट हाउस और विवाह स्थलों पर शामियाना लगाने का काम करता था। कमरा लंबे समय तक बंद रहने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव को फंदे से उतारा।मृतक के पिता मूलचंद ने बताया कि उनका बेटा असरौली क्षेत्र में कृष्णा गेस्ट हाउस किराए पर चलाता था। किराया पूरा चुकाने के बाद भी मालिक रंगाई–पुताई का बहाना बनाकर सामान वापस नहीं कर रहा था। इस वजह से हेमंत पिछले तीन दिनों से परेशान था।परिजनों ने कृष्णा गेस्ट हाउस के मालिक पर परेशान करने का आरोप लगाया है। साथ ही बताया कि हेमंत पर काफी कर्ज भी था, जिससे वह तनाव में था। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं।कोतवाली नगर के थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। गेट तोड़कर युवक को बाहर निकल गया। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।मामले पर सीओ सिटी अमित राय ने जानकारी देते हुए बताया है कि मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है परिजनों की तहरीर का इंतजार किया जा रहा है जांच जारी है हर पहलू से जांच कर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# कासगंज में भोलेबाबा सत्संग भगदड़ में मृत महिला के परिवार को मिले 2 लाख



कासगंज के सलेमपुर पीरौंदा की मीना देवी की पिछले साल हाथरस के सिकंदराराऊ में भोलेबाबा सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में मृत्यु हो गई थी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मोहनपुरा शाखा ने गुरुवार को मृतका के पति मदनलाल को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा राशि का चेक सौंपा।शाखा प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मीना देवी का उनकी शाखा में खाता था। बैंक ने सुरक्षा के लिए उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा करवाया था। दो लाख रुपए का चेक पाकर मदनलाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि वह इस राशि से अपने बच्चों की अच्छी परवरिश करेंगे।शाखा प्रबंधक ने सभी ग्राहकों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ जरूर उठाएं। यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें कम प्रीमियम पर जीवन बीमा की सुविधा मिलती है। किसी अप्रिय घटना में यह राशि परिवार के लिए आर्थिक सहायता बन सकती है। इस मौके पर सेवा प्रबंधक अतुल गुप्ता, सहायक अवधेश सिंह और जितेंद्र समेत अन्य बैंक कर्मचारी मौजूद थे।

# कृषि पब्लिक स्कूल सिढ़पुरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

कृषि पब्लिक स्कूल सिढ़पुरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। विधायक हरिओम वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।विद्यालय के चेयरमैन विशाल बाबू गुप्ता और दीपक गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। विधायक हरिओम वर्मा और नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल शम्मीकपूर गुप्ता ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।विधायक वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, शिक्षक या वैज्ञानिक बन सकते हैं।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के प्रधानाचार्य अचल सिंह चौहान का विशेष योगदान रहा।शिक्षकों में सांवलिया ब्रजेश उपाध्याय, विकास पांडेय, अनिकेत गुप्ता, देवेश तिवारी, नीरज शाक्य, अजीत, दिव्यांशु और अनोज सोलंकी ने सहयोग दिया। समारोह में सैकड़ों अभिभावक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# एटा के नया गांव थाना क्षेत्र के नगला हरजू में एक मंदिर पर रह रहे भगवाधारी बाबा और ग्रामीणों के बीच विवाद

एटा के नया गांव थाना क्षेत्र के नगला हरजू में एक मंदिर पर रह रहे भगवाधारी बाबा और ग्रामीणों के बीच विवाद सामने आया है। बाबा बालकनाथ ने गांव के देवेंद्र और उनकी पत्नी फूलबासा देवी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।बाबा का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें ढोंगी बताते हुए उनकी बेटी के बाल काटने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं, जब उन्होंने पुलिस में शिकायत की तो गांव के करीब आधा दर्जन लोगों ने उनके साथ मारपीट की। बाबा ने आरोपियों पर दबंगई दिखाते हुए मंदिर छोड़ने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।थाना प्रभारी रीतेश ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच की गई है। उन्होंने कहा कि यह गांव के दो पक्षों के बीच आपसी प्रतिद्वंदता का मामला है। दोनों पक्ष एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि बाबा को मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। घटना मंगलवार और बुधवार की बताई जा रही है। बाबा बालकनाथ, जो मैनपुरी के कुर्रा थाना क्षेत्र के नगला झाला के रहने वाले हैं, दो महीने पहले ही इस मंदिर पर आए थे। पुलिस ने मामले को शांत करने के लिए बाबा को वापस भेज दिया है। बाबा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति व पर्यावरण समिति की बैठक हुई सम्पन्न’




कासगंजरू आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समितिः जिला गंगा समिति व वृक्षारोपण की बैठक संपन्न संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जिलाधिकारी ने गंगा नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और जिले में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिकाधिक पौधारोपण पर जोर दिया उन्होंने कहा जिन विभाग को वृक्षारोपण के संबंध में लक्ष्य दिया गया है वह अपने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करें।इसके साथ ही, नदी व पर्यावरण संरक्षण हेतु नालों को टैप किये जाने, जैविक खेती कार्यशाला तथा कोई भी ड्रेन डायरेक्ट नदी में न जाये, निजी व सरकारी अस्पतालो के बायोमेडिकल कचरे के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने और पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। जनपद में प्रवाहित नदियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवित हेतु जागरूकता एवं गंगा आरती कार्यक्रमों के आयोजन हेतु चर्चा, वर्तमान में जनपद कासगंज में सीवरेज उपचार हेतु बुनियादी ढांचे के विकास की अद्यतन स्थिति, समस्त गंगा ग्रामो में गंगा व उसकी सहायक नदी में अपशिष्ट लाने वाले नालों की पहचान, उपचार एवं निगरानी की अद्यतन स्थिति एवं सम्बंधित विभागों द्वारा कराये गये कार्य की समीक्षा ,प्लास्टिक नियत्रण हेतु सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को बंद कराने व समस्त नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के द्वारा नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में अभियान चलाकर प्लास्टिक प्रदूषण के रोकथाम एवं प्रचार प्रसार हेतु की गयी कार्यवाही की समीक्षा, समस्त राजकीय व निजी स्वास्थ केन्द्रों ध् अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों से उत्पन्न होने वाले जैव चिकित्सा, अपशिष्ट मानक अनुरूप निस्तारण किये जाने हेतु की गयी कार्यवाही की समीक्षा, जनपद कासगंज में जैविक खेती को बढावा देने तथा जागरूकता एवं कार्यशाला आयोजित कराये जाये की अद्यतन स्थिर्ति,१ द्वारा जैव विविधता (बायोडायवर्सिटी) संरक्षण हेतु लुप्तप्राय प्रजाति एवं वन्यजीवों के लिए बचाव अभियान तथा प्रवासी पक्षियो की जनपद कासगंज में अद्यतन स्थिति।इस अवसर पर डीएफओ सुंदरेशा, मुख्य विकास अधिकारी सचिन संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।